HINDUSTAN, Delhi, 10.10.2018
Page No. 9, Size:(8.72)cms X (9.42)cms.

देश के 53 शहरों में आधार सेवा केंद्र खोलने की तैयारी

नई दिल्ली | एजेंसी

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने पासपोर्ट सेवा केंद्रों की तर्ज पर देश के विभिन्न शहरों में आधार सेवा केंद्र की स्थापना की योजना बनाई है। प्राधिकरण की योजना भारत के 53 शहरों में 300-400 करोड़ रुपये की लागत से इन केंद्रों की स्थापना करना है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावित केंद्र आधार के पंजीकरण, अद्यतन कराने सहित अन्य गतिविधियों में सहायक सिद्ध होंगे। ये यूआईडीएआई के अपने केंद्र होंगे। उन्होंने बताया कि ये केंद्र देश के विभिन्न हिस्सों में बैंकों और डाकघरों की शाखाओं एवं सरकारी परिसरों में चल रहे 30,000 आधार सेवा केंद्रों से इतर होंगे। अधिकारियों ने बताया कि इन केंद्रों की स्थापना का लक्ष्य लोगों को आधार पंजीकरण एवं सूचना को अद्यतन कराने की सुविधा उपलब्ध कराना है। 53 शहरों में स्थापित किए जाने वाले ये केंद्र अप्रैल, 2019 से काम करने लगेंगे।

पहल

- 300 से 400 करोड़ रुपये की लागत आएगी
- अप्रैल 2019 से इन केंद्रों पर काम शुरू होने की उम्मीद